MPSE-002

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम (एमपीएस)

सत्रीय कार्य

(एम.ए. द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम)

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
Faculty of Political Science
SCHOOL OF SOCIAL SCIENCES
INDIRA GANDHI NATIONAL OPEN UNIVERSITY
MAIDAN GARHI, NEW DELHI-68

वैकल्पिक पाठ्यक्रम : एम.ए. द्वितीय वर्ष (राजनीति विज्ञान)

प्रिय विद्यार्थियों,

आपको राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। प्रत्येक सत्रीय कार्य में वर्णनात्मक एवं संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न विद्यमान हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न (DCQ) निबंधात्मक प्रकार के उत्तरों के लेखन हेतु बने हैं, जिनमें परिचय तथा निष्कर्ष समाहित होने चाहिए। ये प्रश्न किसी शीर्षक के बारे में आपकी व्यवस्थित समझ, महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक तथा सरल तरीके से अपने ज्ञान की व्याख्या क्षमता के परीक्षण के उद्देश्य से बनाए गए हैं। संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न (SCQ) पहले आपसे तर्कों एवं व्याख्याओं के संदर्भ में किसी शीर्षक के विश्लेषण तथा फिर संक्षिप्तता में उत्तर लिखने की अपेक्षा रखते हैं। ये प्रश्न अवधारणाओं, प्रक्रियाओं संबंधी आपकी समझ तथा उन्हें आलोचनात्मक विश्लेषण की आपकी क्षमता के परीक्षण के लिए बनाए गए हैं।

अपना सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। यह महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों को उत्तर आप अपने शब्दों में ही दीजिए। आपके उत्तर के शब्दों की सीमा किसी भी श्रेणी के लिए दी गई शब्द सीमा के अनुरूप होनी चाहिए। ध्यान रहे, सत्रीय कार्य के प्रश्नों का उत्तर लेखन कार्य आपकी लेखन शैली को अधिक उत्तम बनाएगा तथा आपको सत्रांत परीक्षा हेतु तैयार करेगा।

इस लघु पुस्तिका के अंतर्गत एम.ए. राजनीति विज्ञान के द्वितीय वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य सम्मिलित हैं। आपको केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को करना है जिनमें आपका नामांकन हुआ है तथा बाकी को छोड़ दीजिए।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी सत्रीय कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना होगा। पूरे किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार जमा करें :

सत्र	सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख	सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान
जुलाई, 2025 सत्र के लिए **जनवरी, 2026 सत्र के लिए**	**31 मार्च, 2026** **30 सितंबर 2026**	**अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास**

अध्ययन केंद्र पर जमा किए गए सत्रीय कार्य की प्राप्ति रसीद लेना न भूलें तथा उसे अपने पास सुरक्षित रखें। यदि संभव हो तो पूर्णतः तैयार सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी प्रति अपने पास रख लें। सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र द्वारा उसे आपको वापस कर दिया जाएगा। कृपया इसके लिए आप अपनी ओर से भी उन पर जोर डालें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के बाद दिए गए अंकों को नोट करने के बाद उसका रिकॉर्ड आगे इग्नू, नई दिल्ली के विद्यार्थी मूल्यांकन विभाग [Student Evaluation Division (SED)] के पास भेज देंगे।

लैटिन अमेरिका में राज्य एवं समाज (MPSE-002)

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड: MPSE-002

सत्रीय कार्य कोड: ASST/TMA/2025-26

अंक: 100

नोट: प्रत्येक भाग से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग - I

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए (प्रत्येक 20 अंक)

1. चिली के 19वीं सदी के आर्थिक विकास में खनिजों के महत्व का वर्णन कीजिए।

2. लैटिन अमेरिका में नव-उदारवाद के अंतर्गत बाज़ार, राज्य और समाज के बीच संबंधों का विश्लेषण कीजिए।

3. लैटिन अमेरिका में जनवादी आंदोलनों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

4. लैटिन अमेरिका में क्रांतिकारी आंदोलनों के कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

5. लैटिन अमेरिकी सामाजिक और आर्थिक संरचनाओं पर संसाधन संपदा के प्रभाव की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

भाग - II

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए (प्रत्येक 20 अंक)

6. (क) सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों के समाधान में धर्म की भूमिका का वर्णन कीजिए।

   (ख) लैटिन अमेरिका में लोकतंत्र और आर्थिक विकास एक-दूसरे को कैसे सुदृढ़ करते हैं?

7. (क) कृषि और भूमि अधिकार आंदोलन पर टिप्पणी कीजिए।

   (ख) नए सामाजिक आंदोलनों बनाम पुराने सामाजिक आंदोलनों की विशेषताओं पर चर्चा कीजिए।

8. (क) लैटिन अमेरिकी राजनीति में सेना की भूमिका का परीक्षण कीजिए।

   (ख) अमेरिकी राज्यों के संगठन का वर्णन कीजिए।

9. (क) लैटिन अमेरिका-भारत संबंधों पर एक टिप्पणी लिखिए।

   (ख) लैटिन अमेरिका में महिला आंदोलनों पर चर्चा कीजिए।

10. (क) निर्भरता सिद्धांत की प्रकृति का अन्वेषण कीजिए।

    (ख) लैटिन अमेरिकी देशों में विदेशी निवेश के प्रभावों का वर्णन कीजिए।